(ख) क्या यूरोपीय आर्थिक समुदाय के मुकाबले में एशिया में कोई सांझा बाजार स्थापित किए जाने का विचार है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) सरकार एशिया, अफ्रीका तथा लातिन अमरीका के विकासशील देशों के साथ आर्थिक सहयोग संवर्धन करने को महत्व देती है। इस सिलसिले में हम दक्षिण-दक्षिण परामर्श एवं सहयोग पर शिखर स्तरीय दल (जी–15) की बैठकों में हिस्सा लेते हैं और भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से इन देशों के साथ तकनीक व आर्थिक सहयोग बढ़ाते हैं।

इस समय सरकार एशिया में किसी पारस्परिक सहयोग दल की स्थापना पर विचार नहीं कर रही है हालांकि वह सार्क की सदस्य है तथा "आसीयन" के देशों के साथ आर्थिक सहयोग के संबंध में क्षेत्र स्तरीय बातचीत शुरू करेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ में सरकार का दृष्टिकोण

535. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या विदेश मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संयुक्त राष्ट्र संघ पर कुछ देशों द्वारा अपनी मनमानी थोपने व तीसरी दुनिया के देशों को धमकाने के लिए उसका दुरुपयोग करने के प्रयासों को रोकने के लिए भारत-सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ;

(ख) उनका क्या परिणाम निकला है ; और

(ग) निकट भविष्य में क्या कदम उठाय जाने का विचार है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) से (ग) : संयुक्त राष्ट्र के अधीन निर्णय निर्धारित प्रक्रिया और सिद्धान्तों के अनुसार लिए जाते हैं। इनसे राजनीतिक यथार्थ परिलक्षित होते हैं।

सरकार ने संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था को और अधिक लोकतान्त्रिक बनाने की आवश्यकता की हमेशा हिमायत की है जिसमें सुरक्षा परिषद में अधिक व्यापक प्रतिनिधित्व तथा परिषद के कार्य में अधिक पारदर्शिता भी शामिल है जिससे कि संयुक्त राष्ट्र के निर्णयों से अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की इच्छा समग्र रूप से परिलक्षित हो। सरकार संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था में इस प्रकार के सुधारों के लिये जो भी प्रयास किये जायेंगे उनका बराबर समर्थन करती रहेगी।

U. N. Secretary General's Vtott to India

536. SHRI DHULESHWAR MEENA : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the U.N. Secretary-General, Mr. Boutros Ghali, visited Delhi during the last month;

(b) if so, the matters discussed with him by the Prime Minister and other dignitaries particularly the role the UN is or may be required to play in international security in the post cold war period and the role of India and other developing countries in this;

(e) whether the role of UN in the emerging multipolar world, the Doctrine of Humanitarian Intervention, the question of retaining or abolishing the veto powers of the permanent members peace keeping role of the UN and other allied matters also came up for discussion; and

(d) if so, the UN Secretary-General's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) to (d) The UN Secretary-General visited India from January 21—24. He called on the President, the Vice President the Prime Minister and held discussions with the Defence Minister, the Minister of State for